# पद्मश्री डॉ बी के जैन ने सबको कहा अलविदा, लोगों के जीवन में रोशनी देने वाला दीपक बुझा, नेत्रदान हुआ

## आज चिकित्सालय परिसर में होगा उनका अंतिम संस्कार, समूचे विंध्य सहित देश के लिए बड़ी क्षति, एक युग पुरुष एक युग और सेवा समर्पण का अंत





नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 28 फरवरी, परम पूज्य संत रणछोड़ दास जी द्वारा स्थापित श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं विश्व ख्याति प्राप्त श्री सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के निदेशक पद्मश्री डॉ बुधेन कुमार जैन( बी के जैन ) ने 27 फरवरी 2026 दिन शुक्रवार को लगभग शाम 4 बजे चित्रकूट की पावन धरती पर अंतिम सांस लेते हुए सबको अलविदा कहकर अपने आपको प्रभु चरणों में समाहित कर लिया.**

उनके परलोक गमन से समूचे चित्रकूट सहित समूचे देश में शोक की लहर है उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके चाहने वालों का तांता लगा हुआ है, लोग कह रहे है कि एक युग पुरुष एक युग और सेवा सम्पूर्ण का अंत हो गया दूसरों के जीवन को रोशन करने वाला दीपक बुझ गया, डॉ जैन पिछले दो तीन माह से एक गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे जिनका इलाज मुंबई के सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में चल रहा था,उनका निधन एक गंभीर बीमारी के चलते हुआ है। जीवन भर लोगों को नेत्र ज्योति देने वाले डॉ जैन जाते जाते नेत्रदान करके दो लोगों के जीवन में छाया अंधेरा दूर कर गए उनका रविवार को सुबह 10 बजे नेत्र चिकित्सालय परिसर में डॉ जैन का अंतिम संस्कार होगा। डॉ जैन एक ऐसी शख्सियत थे जिन्होंने नेत्र चिकित्सक के रूप अपनी सेवा और समर्पण के जरिए देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी अपनी और सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के नाम की एक अलग ही पहचान बनाई है। आपको बता दे कि डॉ जैन 1974 से सदगुरु नेत्र चिकित्सालय से जुड़े और लगभग 52 वर्षों तक गरीब और जरूरतमंद लोगों की आंखों की रोशनी लौटाने का काम किया लगभग 17 लाख लोगों को उन्होंने आंखों की रोशनी देने का काम किया है।1948 में जन्मे डॉ जैन की प्रारंभिक शिक्षा शासकीय विद्यालय व्यंकट क्रमांक सतना में हुई,इसके बाद 1968 से 1973 तक एस एस मेडिकल कॉलेज रीवा से हुई इसके बाद 1977 से 1979 तक पी जी की शिक्षा उन्होंने मुंबई से प्राप्त की थी डॉ जैन वर्तमान-द्वुद्वहृ रायपुर के अध्यक्ष थे , डॉ जैन को इस तरह दुनिया से अलविदा कहना समूचे विंध्य सहित देश के लिए एक बड़ी क्षति है।आपको बता दें कि अंधत्व निवारण एवं नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में सेवा कार्य के लिए विगत पांच दशकों में वह पद्मश्री से लेकर कई राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय एवं राजकीय पुरस्कार से सम्मानित हो चुके हैं।

वर्ष 1996 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ सामुदायिक नेत्र चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए 'ढान्डा पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। इसके बाद वर्ष 2003 में उन्हें 'फिरदौसी अवार्ड' मिला। 2004 में मुंबई में आयोजित आई एडवांस सम्मेलन में उन्हें सामुदायिक नेत्र चिकित्सा में उत्कृष्ट कार्य हेतु 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' प्रदान किया गया। वर्ष 2005 में लंदन स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर आई हेल्थ के भारतीय पूर्व छात्रों द्वारा उन्हें 'सर्वश्रेष्ठ सामुदायिक नेत्र चिकित्सा कार्य' के लिए सम्मानित किया गया। वर्ष 2007 में उन्हें 'आर. के. सेठ मेमोरियल अवार्ड' 2008 में 'ग्लोरी ऑफ इंडिया अवार्ड' प्राप्त हुआ। 2010 में अखिल भारतीय नेत्र विज्ञान सम्मेलन (AIOS) में उन्हें 'सामुदायिक सामाजिक पुरस्कार' और ग्रामीण समुदाय में उत्कृष्ट नेत्र सेवा के लिए 'के. आर. दत्ता पुरस्कार' से नवाजा गया। 2013 उनके लिए सम्मान से भरा वर्ष रहा, जब उन्हें 'समाज रत्न अवार्ड', विजन 2020 द्वारा 'श्री धर्मसी नेनसी ओमान अवार्ड', 'डॉ. एम.सी. नाहटा - राष्ट्रीय नेत्र सुरक्षा पुरस्कार' एशिया पैसिफिक एकेडमी ऑफ ऑप्थाल्मोलॉजी (APAO) द्वारा 'अंधत्व निवारण में उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कार' प्रदान किए गए। 2014 में उन्हें '5वां वार्षिक स्पिरिट ऑफ ह्यूमैनिटी अवार्ड' तमिलनाडु नेत्र चिकित्सक संघ द्वारा 'सामुदायिक नेत्र चिकित्सा व्याख्यान सम्मान' प्राप्त हुआ। वर्ष 2016 में उन्हें 'डॉ. जे. एल. शर्मा अवार्ड', इंडियन सोसाइटी ऑफ कॉर्निया एंड केराटो-रिफ्रैक्टिव सर्जन्स द्वारा 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड', 'पद्मश्री प्रोफेसर. टी. पी. लहाने ओरिएंटेशन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। 2017 में उन्हें विजन 2020 का 'श्री एस. एन. शाह पुरस्कार', IIRIS वार्षिक सम्मेलन में 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड', MSICS को बढ़ावा देने के लिए 'एक्सीलेंस इन ऑप्थाल्मोलॉजी अवार्ड' प्राप्त हुआ। 2018 में उन्हें AIOS द्वारा 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' 2019 में 'भारत भूषण सम्मान' से सम्मानित किया गया। भगवान महावीर फाउंडेशन, चेन्नई द्वारा 24वां 'महावीर पुरस्कार' प्रदान किया गया। डॉ. गुल्लापल्ली राव एंडोवमेंट अवार्ड' भी प्राप्त हुआ। 2023 में इंडियन जर्नल ऑफ ऑप्थाल्मोलॉजी (IJO) द्वारा उन्हें "भारतीय नेत्र चिकित्सा के जीवित किंवदंती (Living Legend in Indian Ophthalmology)" के रूप में मान्यता दी गई, और उनके सम्मान में पत्रिका ने अपना मुखपृष्ठ और एक विशेष संपादकीय उन्हें समर्पित किया। 2025 अप्रैल में गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय जामनगर द्वारा डी.लिट् की मानद उपाधि दी गयी 2025 मई में इंडियन विजनरी अवार्ड से गोल्डन स्पैरो संसथान ने पुरुस्कृत किया गया. चिकित्सा के क्षेत्र में पद्मश्री 27 मई 2025 महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा सम्मानित किया गया और जून 2025 में हिपोक्रेट्स लगेसी अवार्ड से दिल्ली में पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया द्वारा नवाजा गया। वहीं डॉ जैन की धर्म पत्नी ऊषा जैन भी मानव सेवा,गौ सेवा और महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के काम अपनी सेवा संस्थान में महिला, शिक्षा समिति की अध्यक्षा के रूप में देती है, डॉ जैन दो पुत्रों के पिता थे बड़े पुत्र जिनेश जैन है और छोटे डॉ इलेश जैन है, डॉ इलेश जैन श्री सदगुरु सेवा संघ के ट्रस्टी एवं वर्तमान में सदगुरु नेत्र चिकित्सालय जानकीकुंड चित्रकूट के सी ई ओ है। डॉ जैन की दो बहुएं बड़ी श्रुति जैन छोटी मौसम जैन है, डॉ जैन के तीन पौत्र और एक पौत्री है प्रियांश जैन, निर्वाण जैन,अर्णव जैन और अरिहा जैन।

# ग्रामोदय के कुलगुरु प्रो . आलोक चौबे ने पद्मश्री डॉ बी के जैन को दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 28 फरवरी। प्रख्यात नेत्र चिकित्सक पद्मश्री डॉ. बी. के. जैन के निधन पर महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने गहरा शोक व्यक्त किया है।**

कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने शुक्रवार को जानकीकुंड चिकित्सालय के गहन चिकित्सा कक्ष में जाकर डॉ बी के जैन के अंतिम दर्शन उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रो. आलोक चौबे ने कहा कि डॉ. जैन का निधन चित्रकूट अंचल ही नहीं, अपितु संपूर्ण राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति है। वे केवल एक उत्कृष्ट नेत्र विशेषज्ञ ही नहीं थे, बल्कि सेवा, संवेदना और समर्पण की सजीव प्रतिमूर्ति थे। पद्मश्री डॉ. बी. के. जैन, श्री सदगुरु सेवा ट्रस्ट, जानकी कुंड चिकित्सालय के निदेशक/ट्रस्टी के रूप में ग्रामीण एवं वनवासी क्षेत्रों में सुलभ, गुणवत्तापूर्ण एवं मानवीय स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने में उनका योगदान अतुलनीय रहा है। लाखों नेत्र रोगियों को उन्होंने न केवल दृष्टि प्रदान की, बल्कि उनके जीवन में आशा और आत्मविश्वास का संचार किया। कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने कहा कि जानकी कुंड चिकित्सालय को उन्होंने सेवा-भाव, अनुशासन और उच्च चिकित्सा मानकों के साथ एक आदर्श संस्थान के रूप में प्रतिष्ठित किया। उनका संपूर्ण जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति तक चिकित्सा सेवा पहुँचाने की साधना को समर्पित रहा। डॉ. बी. के. जैन का सेवा-साधना से परिपूर्ण जीवन समाज को निरंतर प्रेरित करता रहेगा।

## विश्वविद्यालय में शोक सभा आयोजित

पद्मश्री विभूषित डा0 बी0 के0 जैन के निधन पर आज महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में कुलगुरू प्रो आलोक चौबे की अध्यक्षता में शोक सभा संपन्न हुई। प्रशासनिक भवन में आयोजित शोक सभा में विश्वविद्यालय के शिक्षक ,अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्रायें मौजूद रहे। शोक संदेश का वाचन कुलसचिव प्रो आञ्जनेय पांडेय ने किया। शोक संदेश में कहा गया है कि पदमश्री से विभूषित डॉ बी के जैन, निदेशक एवं ट्रस्टी श्री सद्?गुरू सेवा संघ ट्रस्ट, जानकीकुण्ड चित्रकूट का देहावसान अत्यन्त दुख:द और अपूर्णीय क्षति है. उन्होने अपना सम्पूर्ण जीवन मानवता, सेवा और चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए समर्पित किया ।उनकी दूरदृष्टि करूणा और समाज के प्रति समर्पित कार्य सदैव प्रेरणा स्त्रोत बने रहेगें। उनका महाप्रस्थान केवल चिकित्सा जगत के लिए ही आघात नहीं अपितु समाज के लिए भी गहरा आघात है। शोक सभा में शामिल लोगों ने दो मिनट का प्रतीकात्मक मौन रख कर ईश्वर से प्रार्थना किया कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं उनके परिवार जनों, श्री सद्गुरू सेवा संघ ट्रस्ट,जानकीकुण्ड चिकित्सालय परिवार सहित सभी सहयोगियों को गहन आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

# तिहाई में स्टोन क्रेशर की मनमानी से ग्रामीण त्रस्त

▸ पानी का छिड़काव नहीं, धूल से बढ़ा प्रदूषण



नवभारत न्यूज

**कोटर 28 फरवरी, कोटर क्षेत्र के ग्राम पंचायत तिहाई में संचालित स्टोन क्रेशर की मनमानी से ग्रामीणों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।**

आरोप है कि क्रेशर संचालक द्वारा सड़क पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं कराया जा रहा, जिससे दिन-रात दौड़ रहे भारी ट्रकों से उड़ रही धूल से पूरे गांव को प्रदूषण की चपेट में ले लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह से लेकर देर रात तक गिट्टी लदे ट्रक मुख्य मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन धूल नियंत्रण के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है। घरों के अंदर तक धूल पहुंच रही है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सांस संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने टीबी व अन्य फेफड़ों की बीमारियों का खतरा भी जताया है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रदूषण विभाग की कथित मेहरबानी से ही बिना मानकों का पालन किए क्रेशर संचालन जारी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क पर नियमित पानी का छिड़काव कराया जाए। ट्रकों को तिरपाल से ढककर परिवहन अनिवार्य किया जाए। प्रदूषण मानकों की जांच कराई जाए। दोषी पाए जाने पर क्रेशर संचालन पर कार्रवाई की जाए। यदि समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया, तो ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। अब देखना यह है कि संबंधित विभाग कब तक मौन रहता है और ग्रामीणों को इस समस्या से राहत कब मिलती है।

# मुकुन्दपुर में पानी की टंकी बनी शो पीस

▸ कभी भी भरभराकर गिर सकती है नवनिर्मित पानी की टंकी



नवभारत न्यूज

**मुकुन्दपुर 28 फरवरी, मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुकुंदपुर में भारी भरकर पानी की टंकी का निर्माण किया गया।**

इस टंकी का ट्रायल - निरीक्षण के लिए जैसे ही पानी भरा गया वैसे ही पानी की टंकी से भारी भरकर पानी लीकेज होने लगा। तब जल्दी से पानी निकाला गया और पानी टंकी में पैच लगाना शुरू किया गया। अब सोचनीय बात तो यह है कि जब पानी की टंकी बनते ही पैच लगना शुरू हो गया है तो उक्त पानी की टंकी कितनी मजबूत बनी होगी। इसी से अनुमान लगाया जा रहा है कि हर घर नल,नल से जल की सरकार की मंशा क्या पूरी हो पाएगी ? और मुकुन्दपुर वासियों को पानी की टंकी से मिलने वाला पानी कभी भी भविष्य में ठप्प हो सकता है। मुकुन्दपुर वासियों ने एसडीएम अमरपाटन, कलेक्टर मैहर का ध्यान आकर्षित कराते हुए दूसरी पानी की टंकी का निर्माण करवायें जाने की मांग किया है।

# मैहर कोतवाली में हुई शांति समिति की बैठक



नवभारत न्यूज

**मैहर 28 फरवरी, आगामी होली त्यौहार के मद्देनज़र आज कोतवाली मैहर परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।**

बैठक में पुलिस प्रशासन,राजस्व ,नगर पालिका ,बिजली विभाग एवं शहर के नगर के गणमान्य नागरिकों ,जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के दौरान त्योहार को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित नागरिकों से आपसी भाईचारा बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को देने की अपील की गई।

बैठक उपरांत पुलिस प्रशासन एवं शांति समिति के सदस्यों द्वारा मैहर शहर में पैदल भ्रमण कर आमजन से शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण तरीके से होली पर्व मनाने की अपील की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि होली का पर्व प्रेम, सद्भाव एवं सामाजिक समरसता के साथ मनाएं तथा क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

# थाना रामपुर बाघेलान में शांति समिति की हुई बैठक



नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 28 फरवरी, जिले के रामपुर बघेलान थाना परिषद में आज शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।**

यह बैठक होली एवं रमजान के त्यौहारों के मद्देनजर थाना परिसर में थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी ने ली और सभी से आगामी त्यौहार शांति एवं सौहार्द पूर्ण ढंग से मनाए जाने के दिए निर्देश। साथ ही थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी ने शांति समिति की बैठक में मौजूद सभी सरपंच एवं ग्राम पंचायत व नगर से आए हुए जनता जनार्दन से अपील करते हुए कहा कि इस होली के त्यौहार में आप लोग अपने घर परिवार के सदस्यों को होली में बाहर ना निकलने के लिए अपील की, जिससे कोई जनहानि न हो। इस दौरान सब इंस्पेक्टर लालता प्रसाद वर्मा, विधायक प्रतिनिधि अशोक सिंह सहित क्षेत्र के, सरपंच गण सहित गणमान्य नागरिक व पुलिस स्टॉप के साथ नगर के पार्षद जनों की मौजूदगी रही।

# किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर हेमलता शरण सखी जी का वृंदावन आश्रम में हुआ स्वागत



नवभारत न्यूज

**कोठी 28 फरवरी, किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर विश्व की दूसरी किन्नर कथा वक्ता हेमलता शरण सखी जी आज कोठी के वृंदावन आश्रम पहुंची जहां पर लोगों ने उनका आत्मीय स्वागत किया और उनका सत्संग सुना।**

भगवत भक्त मित्र मंडल के लोगों ने महामंडलेश्वर जी का फूल मालाओं से स्वागत किया और उनके द्वारा आगामी 7 मार्च से खनगढ़ गांव के वनबांधा देवी आश्रम में आयोजित होने वाले शिव शक्ति अर्धनारीश्वर मानव कल्याण महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा एवं रासलीला के विषय में जानकारी प्राप्त की। धर्म प्रचार एवं मानव कल्याण के उद्देश्य से समस्त क्षेत्र वासियों के सहयोग से आयोजित होने वाले उक्त कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी महामंडलेश्वर जी ने साझा की और धर्म की व्याख्या को बताते हुए लोगों से संवाद किया। मानव धर्म में सबसे बड़ा आश्रम ग्रहस्त आश्रम है और ग्रहस्त आश्रम में रहकर ही सभी धर्म को निभाना पड़ता है और मनुष्य को ग्रस्त आश्रम में रहकर बहुत सारे दुखों का भी सामना करना पड़ता है परंतु भगवान की कथा ही एक ऐसा उपाय और साधन है जो सभी दुखों से दूर करती है और इस कार्य में सभी को आगे जाकर सहभागिता निभाई चाहिए जहां भी भगवान की कथा होती है वहां सभी दुखों का निवारण हो जाता है इसलिए बिना संकोच के अपना कर्तव्य और धर्म मानते हुए धर्म के कार्य से विमुख नहीं होना चाहिए यह भी मानव का ही धर्म है उन्होंने सभी को 7 मार्च से आयोजित होने वाले श्रीमद् भागवत कथा में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आवाहन किया इस दौरान वृंदावन आश्रम के महंत श्री सुदर्शनाचार्य जी महाराज , भगवत भक्त मित्र मंडल के संयोजक उमेश सिंह पप्पू ,बृजेश गर्ग सोनू, अजय सिंह बंटू, कमलेश पाठक, जागेंद्र सिंह, विजय सिंह परिहार, कृष्णेंद्र सिंह, पुन्नेठी सिंह, रज्जन महाराज, मुन्ना पाठक, राम भगत गुप्ता ,तेज बहादुर सिंह गुड्डू,चंद्रमौलेश्वर प्रताप सिंह, कीर्ति प्रसाद गर्ग, शैलेंद्र सिंह, रमेश मिश्रा, राजेंद्र त्रिपाठी,डीके शर्मा ,संजू त्रिपाठी, कमलेश पांडे, रामचरण शर्मा, भोले दुबे, मुन्ना शर्मा, सहित नगर के अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

# बहेलिया भाठ स्थित टोल वसूली स्थगित की जाए : रोहित कांत सिंह



नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 28 फरवरी। रीवाङ्कसतना हाईवे पर बेला स्थित टोल प्लाजा पर वसूली को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।**

जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रोहित कांत सिंह ने रामपुर तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपते हुए टोल वसूली तत्काल प्रभाव से स्थगित किए जाने की मांग की। श्री सिंह ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि रीवाङ्कसतना हाईवे की हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, उखड़ी डामर और जलभराव के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। ऐसी स्थिति में टोल वसूली करना आमजन के साथ अन्याय है। जब तक सड़क की मरम्मत एवं सुधार कार्य पूर्ण नहीं हो जाता, तब तक टोल वसूली बंद रहनी चाहिए। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष संदीप सिंह परिहार ने कहा कि खराब सड़कों के कारण स्कूली बच्चों, मरीजों, किसानों और दैनिक यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार एंबुलेंस और जरूरी सेवाएं भी समय पर नहीं पहुंच पातीं, जो गंभीर चिंता का विषय है। ज्ञापन सौंपते समय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से मांग की कि सड़क की स्थिति का तत्काल निरीक्षण कराया जाए और जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए टोल वसूली पर रोक लगाई जाए। साथ ही शीघ्र सड़क मरम्मत कार्य शुरू कराया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में केके कुशवाहा, शिवमोहन द्विवेदी, नितिन सिंह पिंकू तथा ओमप्रकाश विश्वकर्मा सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही टोल वसूली बंद कर सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई, तो जनहित में आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# कोटर थाना में शांति समिति की हुई बैठक

▸ होली पर शांति बनाए रखने की अपील




नवभारत न्यूज

**कोटर 28 फरवरी, होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के उद्देश्य से कोटर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने भाग लेकर सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में कोटर तहसीलदार मणिराज सिंह बागरी थाना प्रभारी दिलीप मिश्रा, जेई प्रभाकर सिंह सहित ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। थाना प्रभारी दिलीप मिश्रा ने बैठक को संबोधित करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि शराब का सेवन कर वाहन न चलाएं तथा मोटरसाइकिल सावधानीपूर्वक चलाएं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी क्षेत्र में अवैध रूप से शराब की बिक्री हो रही हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# एचपीवी टीकाकरण,सर्वाइकल कैंसर से बचाव का नया विकल्प



नवभारत न्यूज

**अमरा 28 फरवरी, स्वास्थ्य विभाग द्वारा किशोर बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी ( ह्यूमन पैपिलोमा वायरस ) टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की किशोर बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया जाएगा।**

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पीयूष पांडे जी ने बताया कि जिला कलेक्टर महोदया श्रीमती रानी बाटड जी और जे दी रीवा डाक्टर एस बी अवधिया जी के निर्देशानुसार सी एम एच ओ डाक्टर मनोज शुक्ला जी के मार्गदर्शन में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर सुचित्रा अग्रवाल जी के देखरेख में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमदरा में टीकाकरण का कार्यक्रम किया गया जिसमें तीन बालिकाओं को टीका लगाकर प्रमाण पत्र दिया गया. डाक्टर पांडेय के अनुसार एचपीवी टीका सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में प्रभावी माना जाता है और समय पर टीकाकरण से भविष्य में इस गंभीर बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। अभियान के माध्यम से बालिकाओं और उनके अभिभावकों को जागरूक करते हुए बताया जा रहा है कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है और किशोरियों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से टीकाकरण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इसके साथ ही जनजागरूकता के लिए वीडियो और अन्य माध्यमों से भी जानकारी दी जा रही है, ताकि अधिक से अधिक बालिकाएं इस अभियान का लाभ ले सकें। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों को समय पर एचपीवी टीका लगवाकर सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव सुनिश्चित करें और इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। उक्त अवसर में डॉक्टर राजाराम गुर्जर डाक्टर आर एन पांडे व स्टॉप के लोग उपस्थित रहे।



# खम्ब बाबा हनुमान मंदिर में विशाल भव्य भंडारे का आयोजित

नवभारत न्यूज

**हिरौंदी 28 फरवरी, सज्जनपुर निवासी सन्तोष गुप्ता ( सतीष मोबॉइल )के द्वारा खम्ब बाबा में हर साल की भाती इस साल भी हनुमान मंदिर में विशाल भव्य भंडारे का अयोजन किया गया ।**

जिसमें सरपंच मुकेश सिंह , जिला पंचायत सदस्य एकता अनूप सिंह( अन्नू) ,संभाग अध्यक्ष रीवा रवि गुप्ता ( हिरौंदी), प्यारे लाल गुप्ता,सुशील गुप्ता,सुनील , संजीव , श्रीराम ,राहुल ,सुजीत, सतीष, अशीष,सूरज, विवेक, सिब्बू, शिवांश,जय,विद्या गुप्ता साधना, आशा, प्रीति,स्वाती, लक्ष्मी, आरती ,अर्चना , इस हनुमान मंदिर में पहुंचकर सभी लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया ।जिसमे श्रुति, वैष्णवी, श्रेया, मानसी, जानबी, मानवी, शुभी , ध्रुव, आस्था और हिरौंदी, मझगवा ,सज्जनपुर वा आसपास के सभी लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।